उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 प्रधान कार्यालय, लखनऊ

पत्रांकः- 45869 /ग्रे0 सेल एवं बीमा/2017-18 दिनांक : 05.02.18

शाखा प्रबंधक **महत्वपूर्ण/आवश्यक**
उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0
निम्नांकित शाखायें

विषय- ग्रुप इन्श्योरेंस एवं ग्रुप पेंशन योजना के सम्बंध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रधान कार्यालय के परिपत्रांक सी-64/ग्रे0सेल एवं बीमा/2017-18 दिनांक 09.11.17 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा उक्त योजना हेतु सहमत कार्मिकों का माह नवम्बर 2017 के वेतन से नियमानुसार मासिक अंशदान की कटौती कर कटौती का विवरण निर्धारित प्रारूप पर प्रेषित करने के निर्देश दिये थे किन्तु अत्यंत खेद का विषय है कि वांछित सूचना अद्यतन अप्राप्त है। आप अवगत होगें कि उक्त विषय बैंक के कार्मिकों के सामूहिक बीमा से सम्बंधित है एवं किसी बैंक कर्मचारी/अधिकारी के साथ अप्रिय घटना के होने पर बैंक के समक्ष विवाद की स्थिति उत्पन हो सकती है इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि परिपत्रांक सी-64/ग्रे0सेल एवं बीमा/2017-18 दिनांक 09.11.17 के साथ उक्त योजना हेतु असहमत बैंक कर्मचारियों/अधिकारियों की सूची संलग्न की गयी थी जिसके आधार पर असहमत कार्मिकों को छोड़कर शेष सभी कर्मचारियों का इस योजना हेतु मासिक अंशदान की कटौती उनके वेतन से नियमित रूप से की जानी है । आपको पूर्व में यह भी सूचित किया जा चुका है कि दिनांक 01.09.13 के पश्चात बैंक में नियुक्त नवीन कार्मिकों का सामूहिक बीमा नहीं है अतः नवनियुक्त कार्मिकों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुये उक्तानुसार वांछित सूचना निर्धारित प्रारूप पर नियमानुसार प्रधान कार्यालय के ग्रेच्युटी अनुभाग को हार्ड कापी में तथा ई मेल द्वारा gmplan upsgvb@gmail.com पर साफॅट कापी में दोनों प्रकार से तत्काल प्राप्त कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में भविष्य में होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति की दशा में उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

शाखा का नाम-अनूपशहर, बुलंदशहर,डिवाई, खुर्जा, पहासू, सिकन्द्राबाद, स्याना, दादरी, मेरठ, सरधना, पिलखुआ, बाराबंकी, रामनगर, अमेठी, जगदीशपुर, इगलास, सिकन्द्राराव, सादाबाद, अमापुर, अलीगंज, पिलुआ (मिरहची) जैथरा, बाह, एत्मादपुर, खैरागढ़, सैंया, जगनेर, शिकोहाबाद, सिरसागंज, भोगांव, मैनपुरी, घिरौर, नौझील, बिलग्राम, मल्लावां, पिहानी, डलमऊ, सलोन, बेहजम, गोला, लखीमपुर, निघासन, पलिया, शारदानगर, मितौली, बिसवां, महमूदाबाद, सिधौली, सीतापुर, तम्बौर, रामपुर मथुरा, फूलपुर, सगड़ी, मऊनाथभंजन, घोसी, बस्ती, बांसी, बिल्हौर, जमनिया, मडियाहूं, शाहगंज, देवबंद, सहारनपुर, सरसांवा, कर्वी, महोबा, कुलपहाड़, बिजनौर, धामपुर, नगीना, नजीबाबाद, नूरपुर, अमरोहा, मुरादाबाद, ठाकुरद्वारा, बेलसर, केसरगंज, जालौन, कालपी, उरई, इलाहाबाद, धाता, सिराथू, कुण्डा, पट्टी, रानीगंज, उझानी, आंवला, भमौरा एवं निचलोल

ह0/-
(अजयपाल सिंह)
महाप्रबंधक (ग्रे0)

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. समस्त अधिकारी/मण्डल प्रभारी उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ
2. उप महाप्रबंधक आई0टी0सेल उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ को उपरोक्त पत्र की संदर्भित शाखाओं को ई मेल द्वारा भेजने हेतु।

ह0/-
(अरूण कुमार निगम)
प्रबंधक श्रेणी-3 (ग्रे0)